प्रधान कार्यालय बेंगलूरु में हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में सोमवार, दिनांक 14 सितम्बर 2020 को हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता **श्री एल वी प्रभाकर,** प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने की। इस अवसर पर **डॉ टी जी प्रभाशंकर 'प्रेमी**, हिंदी साहित्यकार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। **श्री एम वी राव**, कार्यपालक निदेशक, **श्री देवाशीष मुखर्जी**, कार्यपालक निदेशक, **सुश्री ए मणिमेखलै**, कार्यपालक निदेशक, **श्री एल वी आर प्रसाद**, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, **श्री एच एम बसवराज**, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग तथा अन्य विभागों के कार्यपालक गण सभागार में उपस्थित थे। साथ-साथ प्रधान कार्यालय के दूरस्थ विभागों के विभाग प्रमुख तथा अन्य स्टाफ सदस्य वी सी के माधयम से जुड़े थे।

समारोह का शुभारंभ श्रीमती रश्मि अनूप बाल, श्रीमती के भार्गवी, श्री गणेश आर तथा मयूर गोहिल के ईश वंदना से हुआ। स्वागत भाषण, मुख्य अतिथि का परिचय तथा बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रगति की रिपोर्ट **श्री एच एम बसवराज**, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने प्रस्तुत की। माननीय गृह मंत्री **श्री अमित शाह** के संदेश का वाचन **श्री एल के श्रीवास्तव**, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि **डॉ टी जी प्रभाशंकर 'प्रेमी'**, हिंदी साहित्यकार ने अपने संबोधन में कहा कि हमें न सिर्फ हिंदी भाषा पर जोर देना चाहिए बल्कि क्षेत्रीय भाषा पर भी जोर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी का प्रयोग राजकीय कामकाज की भाषा के साथ-साथ यथा संभव संपर्क भाषा के रुप में भी किया जाए। विज्ञान, चिकित्सा एवं तकनीकी के क्षेत्र में यदि भारत देश को आगे लेकर जाना है तो हमें अपनी देशज भाषाओं के विकास पर जोर देना होगा।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में **श्री एल वी प्रभाकर**, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि हम सभी बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत हैं। बैंकिंग दृष्टिकोण से हमें हिंदी को वाणिज्यिक भाषा के रुप में अपनाने की जरुरत है ताकि अपेक्षित कारोबार के लक्ष्य को हासिल किया जा सके तथा अपने बैंक को बैंकिंग जगत में शीर्ष स्थान पर ले जाया जा सके। आगे राजभाषा अनुभाग का हिंदी नारा "हिंदी के प्रयोग में वृद्धि, ग्राहक सेवा में संवृद्धि" का जिक्र करते हुए उन्होंने अपनी तरफ से एक नया नारा दिया **"टेक्नोलॉजी में हिंदी का प्रयोग बढाएं, लोगों तक आसानी से बैंकिंग सुविधा को पहुँचाएं"**। समारोह के दौरान प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के करकमलों से केननेट में ***राजभाषा नेट*** के नवीन वेब पेज का लोकार्पण किया गया।

हिन्दी में अधिक कार्य करने हेतु बैंक द्वारा संचालित केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना के तहत प्रधान कार्यालय के सर्वश्रेष्ठ विभागों तथा केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना के तहत कर्मचारियों को उपस्थित गणमान्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

तदुपरांत सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा लघु नाटिका, सुगम संगीत प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक तथा श्री रवि प्रकाश सुमन, प्रबंधक द्वारा किया गया। श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्य झलकियाँ Highlights

ईश वंदना Invocation

दीप प्रज्वलन Lighting the Lamp

संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै को श्रद्धासुमन

Floral tribute to our founder Shri Ammembal Subba Rao Pai

स्वागत संबोधन व राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रस्तुति

Welcome Address and presentation on OL implementation

मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत

Welcoming the Chief Guest with a bouquet

माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संदेश का वाचन
Reading message of Hon. Home Minister Sri. Amit Shah

राजभाषा नेट के नवीन वेब पेज का विमोचन
Release of New Rajbhasha Net web page.

मुख्य अतिथि का सम्मान व उनका संबोधन Honoring the Chief Guest and their address

अध्यक्षीय संबोधन Presidential Address

कार्यपालक निदेशक का संबोधन
Address by Executive Director

पुरस्कार वितरण Prize Distribution

सुगम संगीत Sugam Sangeet

लघु नाटिका Skit

धन्यवाद ज्ञापन Vote of Thanks

दर्शक Audience

मंच संचालन Compering